## डीआरआई में हुआ महिला कार्यकर्ता परिवार व सावन मिलन सम्मेलन

### सामूहिक रुद्राभिषेक सहित मेंहदी, झूला, डांस तथा विभिन्न तरह के खेलों का हुआ आयोजन





नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 10 अगस्त, दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा दीनदयाल परिसर स्थित लोहिया भवन में महिला कार्यकर्ता परिवार एवं सावन मिलन सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें सभी प्रकल्प के महिला कार्यकर्ता तथा कार्यरत कार्यकर्ताओं के परिवार की डेढ़ सौ महिलाएं सम्मिलित हुई, इसके अलावा एक ही परिवार से चार पीढ़ी, दो पीढ़ी और तीन पीढ़ी की भी महिलाएं परिवार सहित उपस्थित हुई।**

इस अवसर पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था जिसमें महिलाएं अपना सावन उत्सव का फोटो खिंचवाई। इस दौरान मेहंदी, झूला तथा विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने डांस उत्सव इत्यादि भी किया। दीनदयाल शोध संस्थान के सचिव अपराजिता शुक्ला सपरिवार उपस्थित होकर रुद्राभिषेक किया, शंकर जी की पूजा सभी महिलाओं ने की। सावन के अवसर पर सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ियां और सोलह श्रृंगार से परिपूर्ण थी। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के उपाध्यक्ष श्री उत्तम बनर्जी, राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, सह-संगठन सचिव अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उत्तम बनर्जी ने पंच परिवर्तन की बात करते हुए समाज में समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्यों के सामान्य नियम का पालन, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु पेड़ पौधों को लगाना, परिवार संतुलन की धुरी महिलाएं होती है इस महत्व को उन्होंने बतलाया। महिलाएं अपने परिवार को सुखी कैसे बना सकती हैं, संगठित कैसे कर सकती हैं तथा आसपास के वातावरण को कैसे सुधार सकती हैं इन विषयों पर भी उन्होंने चर्चा किया। कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने परिवार में अपने नई पीढ़ी को कैसे संभाले, छोटे बच्चों को मोबाइल के दुष्परिणामों को बताते हुए उन्होंने सतर्क रहने की सलाह दी। अंत में अभय महाजन ने कार्यकर्ता परिवार को संबोधित करते हुए इस सामूहिक आयोजन हेतु धन्यवाद दिया।

### इन्होंने किया कार्यक्रम का संचालन

इस कार्यक्रम में सुश्री साधना पटेल नगर पालिका अध्यक्ष चित्रकूट, श्रीमती दिव्या त्रिपाठी, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती रुपा अग्रवाल सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ भारती श्रीवास्तव, रीना मालवीय, सीमा पांडे, अतिमा जायसवाल, शशि त्रिपाठी इत्यादि महिलाओं ने इस कार्यक्रम का संचालन किया।

## देवधरा धाम में सावन सोमवार पर हुई भव्य महाआरती



नवभारत न्यूज

**मैहर/ अमदरा 10 अगस्त, वार्ड क्रमांक 19 स्थित देवधरा धाम मैहर में सावन सोमवार के पावन अवसर पर देवाधिदेव महादेव की भव्य महाआरती का आयोजन सोमवार को किया गया।**

पंडित हरिहर प्रसाद मिश्रा जी के सानिध्य में आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाभोग एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई।

वहीं, मंदिर परिसर में महिला मंडल द्वारा रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया। धार्मिक आयोजनों से देवधरा धाम में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव की आराधना कर क्षेत्र की सु ख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## अभाउउसं की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा



नवभारत न्यूज

**कोठी 10 अगस्त, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को कोठी के अमृत वेला पैलेस में संपन्न हुई।**

बैठक में आगामी कार्य योजना पर चर्चा की गई बैठक में संगठन के अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू ने कहा कि आगामी 7 एवं 8 अक्टूबर को राजधानी भोपाल में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला एवं प्रदेश अध्यक्ष संदीप सूरी का सतना जिले का प्रस्तावित दौरा 20 अगस्त को है दौरे के दौरान वह जिले के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक आयोजित करेंगे जिसमें राष्ट्रीय सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला की विस्तार से जानकारी प्रदान करेंगे जिससे कि अधिक से अधिक लोग प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हो सके। आगामी 20 अगस्त को सतना में होने वाली बैठक को सफल बनाए जाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई जिससे कि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके.

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान संगठन के उपाध्यक्ष सहेंद्र सिंह अजय विश्वकर्मा विजय राज सिंह जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंह गहरवार सचिव उमेश सिंह पप्पू प्रवक्ता कृष्णनेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी अनमोल मिश्रा कोठी तहसील अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह गुड्डू मनिंदर सिंह जीतू पवन सिंह डब्बुल सिंह शाहिद अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

## उचेहरा में भक्ति भाव के साथ निकली कांवड़ यात्रा



नवभारत न्यूज

**उचेहरा 10 अगस्त, सावन से दूसरे सोमवार में भी नगर सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में काफी उत्साह, उल्लास के साथ भोलेनाथ को जलढारा गया, नगर के ताम्रकार समाज की महिला मंडल द्वारा संकट मोचन मंदिर से मुख्य मार्ग होते कांवड़ यात्रा गौरी शंकर मन्दिर पहुंची.**

यात्रा के पूरे मार्ग में महिला मंडल जहां ढोल की थाप पर नाच रही थी वहीं कावड़ियों पर पुष्प वर्षा भी हो रही थी इस दरमियान बहुत भी भक्तिमय वातावरण दिखाई दिया, गौरी शंकर मंदिर में एक ही पाषाण में बनी मां पार्वती भोलेनाथ के पिंड को कांवड़ियों ने जल ढार नगर की खुशहाली के लिए मंगल कामना की इसी तरह बस स्टैण्ड के समीप विश्णु बाराह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में पांचवी शताब्दी की विष्नु भगवान के अवतार भगवान विष्णु बाराह की पाषाण रूप में स्थपित मूर्ति के सामने भक्त सत्तू महराज के मन मे उठी प्रेरणा से भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भक्तिभाव में डूब श्रोताओं ने खूब आनंद उठाया।

## गुणवत्तापूर्ण नेत्र सेवाएं पहुंचाने चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ





नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 10 अगस्त, परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित विश्व ख्याति प्राप्त सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड, चित्रकूट में गुरु पूजन के साथ "विजन सेंटर प्रबंधन एवं परियोजना क्रियान्वयन" विषय पर चार दिवसीय कार्यशाला का आज शुभारंभ हुआ। साथ ही देश के कोने कोने से कार्यशाला में प्रतिभाग करने आए सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर स्व पद्मश्री डॉ बी के जैन को श्रद्धांजलि अर्पित किया।**

आपको बता दे कि यह कार्यशाला 10 से 13 अगस्त 2026 तक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला को ऑर्बिस इंटरनेशनल का सहयोग प्राप्त है तथा इसका आयोजन सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक एवं कार्यकारी न्यासी डॉ. इलेश जैन ने स्वागत संबोधन दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, विशेषज्ञों एवं सहयोगी संस्थाओं का स्वागत करते हुए समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ नेत्र सेवाएं पहुंचाने में विजन सेंटरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ऑर्बिस इंटरनेशनल के कंट्री डायरेक्टर डॉ. ऋषि राज बोराह ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने समुदाय के स्तर पर विजन सेंटरों की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विजन सेंटर समुदाय और उच्च स्तरीय नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने विजन सेंटरों के माध्यम से समय पर दृष्टि जांच, उचित उपचार, रेफरल एवं फॉलो-अप सेवाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से आए परियोजना प्रबंधकों, आउटरीच समन्वयकों, विजन सेंटर प्रभारियों एवं नेत्र स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े अन्य प्रतिनिधियों द्वारा सहभागिता की जा रही है। प्रतिभागियों को विजन सेंटर प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी एवं अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

कार्यशाला के दौरान नीड असेसमेंट, विजन सेंटर के लिए उपयुक्त स्थान का चयन, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं उपकरण नियोजन, मानव संसाधन प्रबंधन, सामुदायिक जुड़ाव, स्क्रीनिंग एवं रेफरल प्रक्रिया, स्टॉक्स एवं डेटा प्रबंधन, सेवा गुणवत्ता तथा टेली-ऑप्थल्मोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। कार्यशाला में व्याख्यान के साथ-साथ समूह अभ्यास, केस स्टडी, केस डिस्कशन, समस्या समाधान एवं अनुभव साझा करने जैसी सहभागी गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

### कार्यशाला मुख्य उद्देश्य

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विजन सेंटरों की योजना एवं स्थापना, आवश्यकता का आकलन, आधारभूत संरचना, मानव संसाधन नियोजन, सेवा गुणवत्ता, सामुदायिक सहभागिता, प्रभावी रेफरल प्रणाली तथा परियोजना क्रियान्वयन से जुड़े पहलुओं को बेहतर बनाना है।

## धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 10 अगस्त, गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन मझगवां एवं आदिवासी युवा संगठन के तत्वाधान में विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम में सतना जिले के हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी एकत्रित हुए। विशाल जनसमुदाय झांकी और पारंपरिक वेशभूषा के साथ जोशीले, गगनभेदी नारों से मझगवां नगर का भ्रमण करते हुए एकता का संदेश दिया। रैली के पश्चात यह जनसैलाब मार्कण्डेय पैलेस में सभा के रूप में परिवर्तित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक देवमन सिंह हिरौंदी एवं अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक एवं विरांगना रानी दुर्गावती राष्ट्रीय अध्यक्ष रामराज सिंह पटना कला ने की। मंचासीन अतिथियों ने संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर एवं आदिवासी समाज के जनक भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन के संस्कृति प्रकोष्ठ की टीम द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक आदिवासी नृत्यों, गोंडी रेला पाटा ने मंच को मनमोहित कर दिया।

मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि जिनस में गंगा सिंह परस्ते, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी मवासी, शैलेंद्र सिंह जायसवाल, धर्मेंद्र सिंह बरकडे, राजू सिंह सरपंच अठबरही, धर्माचार्य सुंदर सिंह, धर्माचार्य लक्ष्मण मरकाम एवं अंगद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन हीरामन सिंह धुर्वे एवं शिव कैलाश मवासी द्वारा किया गया।

**आयोजन समिति:** चमन सिंह परस्ते जिलाध्यक्ष GSU सतना, पंकज सिंह धुर्वे, अनूप रावत, आर.बी. मरावी, पंकज सिंह पिंड्रो, मयंक मवासी, निशांत धुर्वे, मनीष सिंह, गणेश सिंह, महेंद्र सिंह, कुमार सिंह, विक्की सिंह सहित अन्य साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में GSU जिलाध्यक्ष चमन सिंह परस्ते ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्कृति, हक-अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

समापन पर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करने वाली सभी युवक - युवतियों को पीला गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया।

### वक्ताओं के प्रमुख उद्बोधन

**श्याम बाई मवासी, लालपुर-** हमारा समाज अब अन्याय सहते-सहते तंग आ चुका है। जल, जंगल, जमीन हमारा है और इसे लेकर रहेंगे। वनभूमि पर काबिज लोगों को बेदखल किया जा रहा है।

**लक्ष्मी मवासी, जिला पंचायत सदस्य-**हमारा समाज शिक्षा से पीछे है। शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा।

**सुरेंद्र दहिया, उचेहरा -**इस बार की ग्राम सभा ऐतिहासिक हो। ग्राम सभा में वनाधिकार के दावे लगवाए जाएं।

**दादूलाल सरल -**सामाजिक क्रांति के अग्रदूत ज्योतिबा फुले शिक्षा के जनक हैं। बाबा साहब ने संविधान देकर अधिकार दिया। अब हमें संगठित होकर हर 5 साल में अपना भाग्य आजमाना होगा।

**गंगा सिंह परस्ते -** बाबा साहब ने संविधान लिखा पर हमें पढ़ाया नहीं गया। हमें अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए।

**देवमन सिंह -**हम 72वां आदिवासी दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1994 में मूल आदिवासियों के अधिकार दिए। विश्व का सबसे बड़ा न्यायालय संयुक्त राष्ट्र है। नशे की प्रवृत्ति से समाज टूट रहा है, इसका विरोध जरूरी है।

**अध्यक्षीय उद्बोधन - रामराज सिंह-**समाज की बेटियां देश का भविष्य हैं। नशे को छोड़कर अपने तन-मन-धन को बचाना होगा। आज तक हम समाज से एक भी नेता तैयार नहीं कर पाए, जो होते हैं वे पार्टियों में बिक जाते हैं।

## बिजली संकट से बेहाल रैगांव क्षेत्र, किसान परेशान

- जले ट्रांसफार्मर और खराब केबलों से बढ़ी मुश्किलें,
- प्रभा बागरी बोलीं, सिंचाई के लिए 24 घंटे बिजली दे सरकार



नवभारत न्यूज

**कोठी 10 अगस्त, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव प्रभा जित्तू बागरी ने रैगांव विधानसभा क्षेत्र सहित जिलेभर में गहराते बिजली संकट को लेकर भाजपा सरकार और विद्युत विभाग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि रैगांव क्षेत्र के गांव-गांव में बिजली व्यवस्था बदहाल है।**

कहीं ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं तो कहीं खराब विद्युत केबलों के कारण बार-बार बिजली गुल हो रही है। इसके बावजूद विद्युत विभाग समस्याओं के स्थायी समाधान को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है। प्रभा बागरी ने कहा कि इस समय किसानों की सबसे बड़ी समस्या बिजली की है। किसान खेतों में धान की रोपाई और अन्य कृषि कार्यों में जुटा हुआ है तथा सिंचाई के लिए बोर से पानी भरने पर निर्भर है। लेकिन समय पर बिजली नहीं मिलने के कारण किसान अपनी फसल को पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती के इस महत्वपूर्ण समय में सरकार को गांवों में सिंचाई के लिए 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध करानी चाहिए, तभी किसान समय पर खेतों की सिंचाई कर पाएगा और फसल को बचाया जा सकेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को जले ट्रांसफार्मरों, खराब केबलों और बिजली कटौती की जानकारी होने के बावजूद समय पर मेंटेनेंस नहीं कराया जा रहा है। भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। एक ओर किसानों की चिंता करने का दावा किया जाता है, वहीं दूसरी ओर बिजली दरों में बढ़ोतरी कर किसानों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। बागरी ने कहा कि यदि प्रशासन और विद्युत विभाग ने समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी तो कांग्रेस पार्टी किसानों और ग्रामीणों की आवाज को लेकर विद्युत विभाग के कार्यालयों के सामने धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करेगी। उन्होंने सरकार से तत्काल जले ट्रांसफार्मर बदलने, खराब केबलों की मरम्मत और किसानों को सिंचाई के लिए नियमित 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग की।

## जन्मदिन पर बिरसा मुंडा परिसर में रोपा गुलमोहर का पौधा



नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 10 अगस्त, बांका में जन्मदिन के शुभ अवसर पर आज क्षेत्र में उत्सव सा माहौल रहा। सुबह से ही शुभचिंतकों और सहयोगियों द्वारा बधाई संदेशों और आशीर्वाद का तांता लगा रहा।**

प्यार और स्नेह का यह सिलसिला यूं ही सदा बना रहे, आपका यह साथ ही मेरी सबसे बड़ी ताकत और दुआ रहे। इस अवसर पर %जय बिरसा मुंडा ग्रामीण विकास एवं शोध समिति, बांका% की अध्यक्षा श्रीमती सोना बाई सिंह एवं सचिव राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा परिसर में एक गुलमोहर का पौधा रोपित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली इस सराहनीय पहल के लिए समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया, "आप सभी शुभचिंतकों का यह अगाध प्यार, स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी वास्तविक पूंजी और सबसे बड़ी ताकत है। आप सभी का यह अटूट विश्वास जीवन पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की नई ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम में गुलाब शुक्ला जन सहयोग मंच, अभय संस्थापक एवं चेयरमैन, अभय सीएनजी, देवेंद्र मिश्रा प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड, श्रीमती सोना बाई सिंह (अध्यक्षा), राजेश त्रिपाठी (सचिव) विशेष अतिथि एवं विमला सैनी, पवन पांडेय, अरुण सिंह, श्याम सुंदर मिश्रा, संजू मिश्रा, राम प्रकाश त्रिपाठी, प्रभा दाहिया, शिवेंद्र द्विवेदी/मिश्रा, सुभाष शर्मा, संजय शुक्ला, गौरव बैस, निखिल गौतम, आदि उपस्थित रहे.

## सृष्टि के प्रथम शिवलिंग मतगजेंद्र नाथ के जलाभिषेक को चित्रकूट में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

### भगवान ब्रम्हा द्वारा मंदाकिनी के रामघाट में की थी सृष्टि के प्रथम शिवलिंग की स्थापना, लाखों शिवभक्तों ने बोल बम के जयकारे लगा किया पूजन

अमर सिंह राठौर

**चित्रकूट 10 अगस्त, सावन के दूसरे सोमवार को भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में मंदाकिनी के रामघाट पर भगवान ब्राम्हा द्वारा स्थापित सृष्टि के प्रथम शिव लिंग राजाधिराज स्वामी मतगजेंद्रनाथ भगवान के जलाभिषेक और पूजन को देष भर से लाखों शिवभक्तों का जमावडा लगा रहा। सुबह चार बजे से देर रात तक भगवान भोलेनाथ की पूजा और आराधना का सिलसिला जारी रहा।**

श्रावण माह पर भक्तों की भारी भीड उमडने की संभावनाओं के चलते मंदिर एवं जिला प्रषासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सावन के दूसरे सोमवार पर ऐसे तो पूरे देश के शिवमंदिरो में भक्तों का तांता लगा हुआ है। बात करे धर्म नगरी चित्रकूट की तो यहां आज सुबह से शिवभक्तो की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। चित्रकूट के रामघाट में स्थित प्राचीन मतगजेंद्रनाथ शिव मंदिर में लाखों श्रद्धालु मन्दाकिनी नदी में स्नान कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने के लिए लाइनो में लगे हुए है। सुबह से अभी तक लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक करा उनकी पूजा अर्चना करने में जुटे है। सावन के पहले सोमवार होने की वजह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह चार बजे से ही भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक कराने के लिए लंबी लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे है और बोल बम के नारे लगा रहे है। जिससे पूरा रामघाट और मंदिर परिसर बोल बम के नारों से गूंज उठा है। श्रद्धालु अपने अपने तरीके से भगवान शिव को प्रसन्न करने का प्रयास कर रहे है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु भगवान शिव को पुष्प, बेलपत्री, धतूरा और दूध से उनको जलाभिषेक करा रहे है।



मतगजेंद्रनाथ मंदिर में प्रदेश के कई हिस्सों से दूर दराज से आकार भगवान शिव की पूजा अर्चना कर रहे है। चित्रकूट के इस पौराणिक मतगजेंद्र नाथ मंदिर के व्यवस्थापक प्रदीप महाराज बताते है कि धर्म नगरी चित्रकूट के इस प्राचीन मंदिर में चार शिव लिंग एक साथ विराजमान है जो अपने आप में अदभुद है व पूरे भारतवर्ष में चार शिवलिंगों के दर्शन एक साथ दुर्लभ है। उन्होने बताया कि मान्यता है कि यहाँ सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा जी ने स्वयं यज्ञ करके यहाँ एक शिव लिंग अधिष्ठापित किया था। दूसरा शिव लिंग त्रेता युग में भगवान राम ने व अत्रि एवं अगस्त ऋषि ने एक एक शिव लिंग अधिष्ठापित किया है। इस ऐतिहासिक शिव मन्दिर में भगवान शिव की सवारी नंदी होने का एक विशेष महत्त्व है। क्योंकि कहा गया है कि नंदी भगवान भोले को किसी को सब कुछ देने से रोकते है लेकिन इस पवित्र मंदिर में नंदी न होने से भगवान भोलेशंकर अपने भक्तों के द्वारा मांगी हर मुराद को पूरी करने के लिए स्वतंत्र हैं। जिससे यहाँ आने वाले भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है। जो अपने आप में विशेष महत्व रखता है।

### सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम

वही जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह द्वारा सावन के पहले सोमवार को देखते हुए मंदाकिनी के रामघाट परिक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये है। जिससे श्रद्धालु प्रशासन और सरकार के इंतजामों की तारीफ करते हुए नहीं थक रहे है। फिलहाल सावन के पहले दिन चित्रकूट में आस्था का जनसैलाब देखने को मिला है। देर षाम मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन महाराज द्वारा भगवान मतगजेंद्र नाथ की महाआरती की गई। जिसमें हजारों लोगों ने शिकरत कर पुण्य लाभ अर्जित किया।